दैनिक भास्कर
JAIPUR | WEDNESDAY, 29 JANUARY 2025

एयूसीएल की साइबर क्राइम पीड़ितों के लिए हेल्पलाइन

जयपुर| एयू कॉर्पोरेट एडवाइजरी एंड लीगल सर्विसेस (एयूसीएल) और व्हॉट नाउ ने साइबर क्राइम पीड़ितों की मदद लिए प्रदेश में हेल्पलाइन शुरू की है। एयूसीएल के फाउंडर अक्षत खेतान ने कहा कि साइबर बुलिंग और क्राइम तेजी से बढ़ रहा है। इन समस्या पर ध्यान देने की जरूरत है। व्हॉट नाउ की फाउंडर नीति गोयल ने कहा कि हमारा मकसद ऐसी ऑनलाइन कम्युनिटी बनाना है, जहां लोग बिना डर बातचीत कर सकें। हेल्पलाइन नंबर के जरिए पीड़ितों को सही समय पर मदद मिल सकेगी।